दिनांक : 04.11.2025

समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 'मेरा बूथ सबसे मज़बूत' पहल के अंतर्गत बिहार की महिलाओं से करेंगे संवाद।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के स्थापना दिवस समारोह के समापन पर कहा- प्रदेश विरासत के संरक्षण और विकास को प्राथमिकता दे रहा है।
- निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का दूसरा चरण आज से, 4 दिसंबर तक बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाता सूची का करेंगे सत्यापन।
- आईसीसी महिला वर्ल्ड कप-2025 विजेता भारतीय टीम को बीसीसीआई ने की 51 करोड़ रुपये से पुरस्कृत करने की घोषणा।

प्रधानमंत्री-मेरा बूथ सबसे मज़बूत

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मेरा बूथ सबसे मज़बूत पहल के अंतर्गत कल बिहार की महिलाओं से संवाद करेंगे। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने संवाद के लिए उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा-एन.डी.ए. गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए महिलाएं पूरी लगन से योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान में उनकी सक्रिय भागीदारी बिहार में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मज़बूत कर रही है।

राष्ट्रपति कैची धाम

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज सुबह नैनीताल में नीम करौली बाबा के आश्रम कैंची धाम जाएंगी। कैंची धाम मंदिर प्रबंधन ने कहा कि राष्ट्रपति की इस यात्रा के कारण श्रद्धालुओं को आज दोपहर बारह बजे के बाद मंदिर दर्शन करने का आग्रह किया गया है। राष्ट्रपति मुर्मु आज नैनीताल के कुमाउं विश्वविद्यालय के बीसवें दीक्षांत समारोह में भी भागीदारी करेंगी।

"अभ्युदय मध्यप्रदेश"-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में विरासत के संरक्षण के साथ विकास के तीव्र प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह बात कल भोपाल में आयोजित 70वें मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह "अभ्युदय मध्यप्रदेश" के समापन अवसर पर कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य हमारी समृद्ध विरासत और गौरवशाली इतिहास को प्रदर्शित करने का

माध्यम है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में दो वर्षों में 18 नए मेडिकल कॉलेज खुले हैं और विकास के सभी क्षेत्रों में राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।

समारोह में भव्य ड्रोन शो, महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य, और गायिका स्नेहा शंकर की सुरीली प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, और कई मंत्रीगण मौजूद रहे।

जीएसटी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी सुधार पिछले महीने की 22 तारीख से लागू किए गए हैं। प्रधानमंत्री ने इसे बचत उत्सव का नाम दिया है और इससे सभी को लाभ मिल रहा है। रायसेन जिले के गौहरगंज के इलेक्ट्रनिक्स व्यापारी विशाल पंजाबी ने जीएसटी पर दी गई छूट को लेकर अपने विचार साझा किये हैं...

मुख्यमंत्री-सीए, धार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल धार जिले के निवासी मुकुंद आगीवाल को सीए फाइनल परीक्षा में देशभर में शीर्ष स्थान हासिल करने पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुकुंद ने यह साबित किया है कि साधन नहीं, संकल्प और परिश्रम सफलता की कुंजी हैं। मुकुंद एक मध्यमवर्गीय परिवार से हैं और उनके पिता स्टेशनरी की दुकान चलाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुकुंद की सफलता ने प्रदेश का मान बढ़ाया है और यह युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

एस.आई.आर. अभियान

निर्वाचन आयोग आज अपने विशेष गहन पुनरीक्षण-एस.आई.आर. अभियान का दूसरा चरण शुरू करेगा। इस अभियान के तहत आज से 4 दिसम्बर तक पूरे प्रदेश में बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करेंगे। निर्वाचन आयोग ने नागरिकों से अपील की है कि जब बूथ लेवल अधिकारी आपके घर आएँ, तो उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करें। जिन परिवारों में नया सदस्य 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष का हो चुका है, उसका नाम जोड़ा जाएगा, जबकि स्थानांतरित या दिवंगत व्यक्तियों के नाम हटाए जाएंगे।

सिंधिया-भारत-फ्रांस फोरम

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल गुवाहाटी में भारत-फ्रांस पूर्वोत्तर निवेश फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र तेजी से भारत-फ्रांस

सहयोग के नए क्षेत्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने फोरम को विजन और उद्यम के बीच एक सेतु बताया। श्री सिंधिया ने कहा कि यह साझेदारी केवल संधियों के सहारे नहीं बल्कि विश्वास से भी जुड़ी है।

हॉकी सौ वर्ष-मांडविया

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि सात नवबंर को भारतीय हॉकी के सौ वर्ष पूरे होने पर देश भर में बड़ी संख्या में हॉकी टूर्नामेंट आयोजित किए जाएंगे। नई दिल्ली में डॉ. मांडविया ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में केंद्रीय मंत्री एकादश और हॉकी इंडिया की मिक्स्ड एकादश के बीच आधे घंटे का मैच भी खेला जाएगा।

महिला क्रिकेट-वर्ल्ड कप

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक आईसीसी वर्ल्ड कप-2025 जीत पर बी.सी.सी.आई. ने खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और चयन समिति को कुल 51 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। बी.सी.सी.आई. अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने कहा कि टीम की एकजुटता और प्रतिभा ने देश की उम्मीदों को नई ऊँचाई दी है। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी टीम का हिस्सा रही प्रदेश की ऑलराउंडर क्रांति गौड़ को राज्य सरकार की ओर से एक करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है।

फुटबॉल-भारतीय महिला लीग

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने फैसला किया है कि भारतीय महिला लीग दो चरणों में खेली जाएगी। पहला चरण 20 दिसंबर 2025 से 6 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा, जबकि दूसरा चरण 20 अप्रैल से शुरू होकर अगले साल 10 मई तक चलेगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- आगरमालवा जिला शिक्षा प्रशिक्षण केन्द्र में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 की बैठक आयोजित की गई और जिला स्तर पर विशेष अभियान चलायाकर बच्चों एवं शिक्षकों को आवश्यक जानकारी दी गई।
- झाबुआ जिले में दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष परीक्षण शिविर में 18 वर्ष से कम आयु के 70 बच्चों के नए दिव्यांग प्रमाणपत्र और 95 यूडीआईडी कार्ड बनाए गए।

- प्रदेश के 70वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 3 नवम्बर 2025 को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डिंडौरी में भव्य जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया।
- रायसेन में पराली से बायो गैस सीबीजी बनाने के लिए रायसेन के ग्राम रतनपुर में चौपाल बॉयो धन केन्द्र का शुभारंभ कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने किया।
- मैहर में प्रतिवर्ष होने वाली ख्यातिलब्ध उस्ताद अलाउद्दीन खां समारोह का 51वां आयोजन बड़े धूमधाम से 7 से 9 नवम्बर तक किया जाएगा।

-------